an>

Title: Need to set up a nuclear power plant in Jamshedpur Parliamentary Constituency of Jharkhand.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, झारखंड प्रदेश एक अकूत खनिज सम्पदा का भंडार है। मैं आपके माध्यम से सदन में सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण विषय की ओर खींचना चाहता हूं। जमशेदपुर लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जादूगड़ा नरवा यूसीएल, जहां न्यूक्लियर पॉवर प्लांट स्थापित करने के लिए मैंने पूर्व में भी आपके माध्यम से इसी सदन में अनुरोध किया था। उस क्षेत्र का गत 18 फरवरी, 2016 को भारतीय परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डॉ. शेखर बसु ने भ्रमण किया। उन्होंने जादूगड़ा नरवा के आसपास यूरेनियम का विपुल स्रोत पाया। यह यूरेनियम केवल झारखंड और आंध्र प्रदेश में ही मिलता है। 1,000 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए 160 टन यूरेनियम की जरूरत होती है, जबकि देश में 500 से 900 टन यूरेनियम का उत्पादन होता है। एएमडी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में कहा गया है कि वहां इतनी पर्याप्त मात्रा में यूरेनियम है, जिससे 1,000 साल तक बिजली का उत्पादन किया जा सकता है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के जादूगड़ा और नरवा के आसपास जितनी यूरेनियम की मात्रा पाई गई है, उसे देखते हुए श्री शेखर बसु ने यह कहा कि अगर राज्य सरकार जमीन उपलब्ध करादे, तो वहां न्यूक्लियर पॉवर प्लांट की स्थापना की जा सकती है। अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि वहां न्यूक्लियर पॉवर प्लांट की स्थापना की जाए।

माननीय अध्यक्ष : मैं सर्वश्री भैरोंप्रसाद मिश्र, कंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल, सुधीर गुप्ता, सी.पी. जोशी, रोड़मल नागर को माननीय सदस्य, श्री विद्युत वरन महतो द्वारा सदन में प्रस्तुत विÂषय से सम्बद्ध करने की अनुमति प्रदान करती हूं।